# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 19 जून, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/19-06-2019/print

## लोकसभा अध्यक्ष

## (Lok Sabha Speaker)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ओम बिरला को सर्वसम्मति से 17वीं लोकसभा का अध्यक्ष चुना गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 16वीं लोकसभा की अध्यक्ष सुमित्रा महाजन थीं।

## लोकसभा में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष

## (The Speaker and The Deputy Speaker)

- लोकसभा का अध्यक्ष लोकसभा का सदस्य होता है।
- लोकसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष होने के नाते अलग से किसी शपथ की व्यवस्था का प्रावधान नहीं है। वह लोक सभा सदस्य के रूप में शपथ लेता है।
- यदि लोकसभा अध्यक्ष का पद रिक्त हो तो उपाध्यक्ष उसकी भूमिका का निर्वाह करता है। संविधान के अनुच्छेद [95(1)] में यह प्रावधान है कि- अध्यक्ष का पद रिक्त है तब उपाध्यक्ष या यदि उपाध्यक्ष का पद रिक्त है तो राष्ट्रपति द्वारा लोक सभा के किसी सदस्य को नियुक्त किया जाता है।
- अनुच्छेद 95(2) में यह प्रावधान है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष के रूप में वह व्यक्ति कार्य करेगा, जो लोकसभा द्वारा इस कार्य हेतु निर्दिष्ट किया गया हो।
- ऐसे में लोक सभा अध्यक्ष की भूमिका में लोकसभा सदस्य को वो सभी शक्तियाँ प्राप्त होती हैं, जो लोकसभा अध्यक्ष को प्राप्त होती हैं।

## अध्यक्ष की शक्तियाँ तथा कार्य

## (Powers and Functions of the Speaker)

- लोकसभा अध्यक्ष का प्राथमिक कार्य बैठकों का संचालन करना तथा कार्रवाई को व्यवस्थित व नियंत्रित करना है। मतभेद की अवस्था में अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होता है।
- कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं, इसका निर्धारण लोकसभा अध्यक्ष द्वारा किया जाता है।

- दोनों सदनों में किसी विधेयक के संदर्भ में गतिरोध की स्थिति में सदनों की संयुक्त बैठक (Joint Sitting) की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष करता है।
- किसी प्रस्ताव के पक्ष व विपक्ष में बराबर मत पड़ने पर लोक सभा अध्यक्ष अपना निर्णायक मत दे सकता है।
- दल-बदल विरोधी कानून के तहत लोक सभा अध्यक्ष को यह अधिकार है कि वह किसी सदस्य के संबंध में दल-बदल संबंधी शिकायत मिलने पर उसकी निरर्हता (Disqualification) पर पैसला करें।
- लोक सभा अध्यक्ष यह भी तय करता है कि सदन में कौन सदस्य कितनी अवधि तक बोलेगा और कौन नहीं बोलेगा।
- लोक सभा की बैठक के लिये यदि गणपूर्ति (कुल सदस्य संख्या के कम-से-कम 1ध10 सदस्य) नहीं है तो बैठक को तब तक के लिये स्थगित कर दें, जब तक कि गणपूर्ति न हो जाए। (सभा के कुल सदस्यों की संख्या का दसवाँ भाग अनुच्छेद 100(3) के अंतर्गत सभा की बैठक के लिये गणपूर्ति माना जाता है।)

---

## लिब्रा (Libra)

हाल ही में फेसबुक ने ई-कॉमर्स तथा वैश्विक भुगतान प्रणाली में कदम रखने के प्रयास के तहत लिब्रा (Libra) नामक क्रिप्टोकरेंसी (Cryptocurrency) लॉन्च करने की घोषणा की है।

- लिब्रा ब्लॉकचैन पर आधारित यह क्रिप्टोकरेंसी लिब्रा रिज़र्व (Libra Reserve) द्वारा समर्थित है।
- यह क्रिप्टोकरेंसी वर्ष 2020 की प्रथम छमाही में लॉन्च की जाएगी।

libra

- फेसबुक ने लिब्रा के प्रबंधन हेतु 28 सहयोगियों के साथ मिलकर लिब्रा एसोसिएशन (Libra Association) बनाया है।
- इसके अलावा फेसबुक कैलिब्रा नामक एक सहायक कंपनी भी लॉन्च कर रहा है जो इसके क्रिप्टो लेन-देन को नियंत्रित करने का कार्य करेगी तथा लिब्रा भुगतान को फेसबुक डेटा के साथ संयुक्त नहीं करेगी। इस प्रकार यह उपयोगकर्त्ताओं के डेटा की गोपनीयता की रक्षा करती है।
- उपयोगकर्त्ता व्हाट्सएप और मैसेंजर सहित फेसबुक के स्वयं के मैसेजिंग एप के ज़रिये भी लिब्रा का उपयोग कर सकते हैं, जिससे इसका उपयोग अधिक सुलभ हो जाता है।
- इस क्रिप्टोकरेंसी का नाम प्राचीन रोम में धन की उत्पत्ति से प्रेरित है, जहाँ लिब्रा सिक्के ढालने के लिये प्रयुक्त वज़न की एक इकाई हुआ करती थी।
- ज्योतिषशास्त्र में ‘लिब्रा’ न्याय का प्रतीक है और फ्रेंच भाषा में इसका अर्थ ‘स्वतंत्रता’ है।

- इस नई क्रिप्टो मुद्रा का प्रतीक **एक लहर** है जो हमारे बीच ऊर्जा के संचरण, जल की सीमा रहित प्रकृति तथा व्यक्तियों, स्थानों और धन के बीच की आवाजाही का प्रतिनिधित्व करती है।

---

## ग्रे वुल्फ (Grey Wolf)

हाल ही में एक इंडियन ग्रे वुल्फ (Indian grey wolf) को बांग्लादेश के किसानों द्वारा मार दिया गया। उल्लेखनीय है बांग्लादेश में आखिरी बार ये मांसाहारी जानवर वर्ष 1949 में देखे गए थे इसलिये संभावना व्यक्त की जा रही है कि जिस ग्रे वुल्फ को मारा गया है यह वही ग्रे वुल्फ था जिसे दो साल पहले पश्चिम बंगाल के सुंदरवन में देखा गया था।

- ग्रे वुल्फ दुनिया का सबसे बड़ा कैनिड (Canid) है तथा यह दुनिया के सभी हिस्सों पर पाया जाने वाला स्थलीय स्तनी है।
- ये अत्यधिक बुद्धिमान और सामाजिक जानवर है जो उत्तरी गोलार्द्ध पर पाए जाते हैं तथा IUCN ने इन्हें रेड लिस्ट के अंतर्गत लीस्ट कंसर्न्ड (Least Concerned) की श्रेणी रखा है।
- वर्तमान में ग्रे वुल्फ अपने मूल क्षेत्र के सिर्फ दो तिहाई हिस्से और मुख्य रूप से जंगलों या दूरदराज के क्षेत्रों तक ही सीमित हैं।

## ग्रे वुल्फ की IUCN स्थिति

Grey wolf

## वर्गीकरण (Taxonomy)

| जगत (Kingdom) | संघ (Phylum) | वर्ग (Class) | गण (Order) | कुल (Family) |
|---|---|---|---|---|
| जंतु (Animalia) | रज्जुकी (Chordata) | स्तनधारी (Mammalia) | मांसाहारी (Carnivora) | कैनिडी (Canidae) |

- ग्रे वुल्फ एकसंगमनी (Monogamous) जीव हैं। जो प्रजनन एवं आवास हेतु सघन झुंडों में रहते हैं।
- ग्रे वुल्फ दुनिया में सबसे बड़े जंगली कुत्तों की प्रजाति है।
- शिकार उपलब्धता के अनुसार, ग्रे वुल्फ घने जंगलों से लेकर रेगिस्तान और आर्कटिक टुंड्रा प्रदेशों में भी पाए जाते हैं।

---

## राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय (NRCD)

राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय (National River Conservation Directorate-NRCD) को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Ministry of Environment and Forest and Climate Change) से जल शक्ति मंत्रालय (Jal shakti Ministry) में स्थानांतरित कर दिया गया है।

- इस कदम का उद्देश्य प्रशासन को समेकित करना और पानी से संबंधित सभी मुद्दों जैसे- संरक्षण, विकास, प्रबंधन और प्रदूषण को कम करना, आदि को एकल मंत्रालय के अंतर्गत लाना है।
- राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय (NRCD) गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों को छोड़कर देश भर की सभी नदियों के लिये केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है (क्योंकि गंगा और उसकी सहायक नदियों से संबंधित मामलों को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत शामिल किया गया है)।